रोहतक
सोमवार, 24 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 25
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 27.7
न्यून. 9.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

## खबर संक्षेप



चैंपियंस ट्रॉफी

### भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए।

### विराट के सबसे तेज 14000 रन पूरे, कई रिकॉर्ड बनाए

विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14,000 वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।



### दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष चुनी गईं आतिशी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को आप के विधायकों की बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। पार्टी के 22 विधायकों की बैठक में 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए। गोपाल राय ने कहा कि सभी सर्वसम्मति से आतिशी को विपक्ष का नेता चुना है। भाषा

### दिल्ली एयरपोर्ट पर जब्त हुआ 6 करोड़ का हार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 6.08 करोड़ रुपये की कीमत वाला हार जब्त किया गया है। यह हार बैंकॉक से तस्करी करके लाया जा रहा था। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एयरपोर्ट के टी3 टर्मिनल पर एक संदिग्ध को पकड़ा। जिसके पास हीरा जड़ा हुआ इतना बेशकीमती हार बरामद हुआ। इस हार में 40 ग्राम हीरे जड़े हुए हैं। एजेंसी

### महाकुंभ में 62 करोड़ से अधिक ने किया स्नान

**प्रयागराज।** आस्था के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने कोने से श्रद्धालुओं का आगमन रविवार को भी जारी रहा और 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान के साथ डुबकी लगाने वालों की संख्या 62.06 करोड़ को पार कर गई। *(पैकेज पेज 7 पर)* भाषा

बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

# कुछ नेता हमारे पर्व और परंपरा को गाली देते हैं, विदेशी ताकतें इनका साथ दे रहीं, प्रधानमंत्री मोदी बोले-हर जिले में खुलेंगे कैंसर केयर सेंटर

एजेंसी ▶▶| छतरपुर

पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को एमपी के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल तरीके से शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमानजी की कृपा है कि आस्था का केंद्र आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है। अभी यहां बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस सेंटर का भूमिपूजन किया है। यह 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। इसके लिए धीरेंद्र शास्त्री का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार अगले तीन साल देया के सभी जिलों में कैंसर केयर सेंटर खोलेगी। पीएम ने महाकुंभ पर आलोचनात्मक टिप्पणियों पर नेताओं के एक वर्ग को आड़े हाथों लिया और कहा कि गुलाम मानसिकता वाले लोग विदेशी ताकतों के समर्थन से देश की धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला करते रहते हैं।

- ▶▶ गुलामी की मानसिकता में जकड़े ये लोग मंदिरों और संतों पर कर रहे हमला
- ▶▶ ऐसे धर्म विरोधी लोग हमारे समाज को बांटना और तोड़ना चाहते हैं, यह गलत
- ▶▶ मोदी ने भारत की धार्मिक परंपराओं का मजाक उड़ाने वालों की कड़ी निंदा की



### ये धर्म का मखौल उड़ाते हैं

ये धर्म का मखौल उड़ाते हैं और लोगों को तोड़ने में जुटा है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। इससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट कर उनका स्वागत किया।

### बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ गुलामी की मानसिकता में जकड़े लोग हमारे मंदिरों, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहे हैं। हमारे समाज को बांटना, उसको तोड़ना इनका एजेंडा है। इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा।

### मन में ब्याह की बात चल रही

पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की माता जी की पर्ची निकाली। इसके बारे में धीरेंद्र शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री जी माता जी से कह रहे थे कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि प्रधानमंत्री जी की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा।

## तेलंगाना टनल हादसा : अधिकारी बोले-मजदूरों के बाहर आने की उम्मीद कम

# सुरंग में 11 किमी तक भरा पानी, अंदर फंसी 8 जानें

बचाव कार्य में आ रही बाधा, अभियान में लगे जवानों के घुटने तक कीचड़

### मजदूरों के परिवार दहशत में, टनल में 14 किमी के अंदर 3 मीटर तक छत गिरी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा शनिवार को ढह गया था। इसमें दो इंजीनियर समेत 8 मजदूर फंस गए। अधिकारियों का कहना है कि भीतर फंसे मजदूरों के बाहर आने की संभावना बेहद कम है। एक अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के अंदर करीब 14 किलोमीटर दूर आठ मजदूर फंसे हैं। बचाव अभियान तेजी से चल रहा है, लेकिन पानी और मलबे की वजह से बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। बचाव अभियान में लगे जवानों के घुटनों तक कीचड़ भरा हुआ है। सुरंग में ऑक्सीजन और बिजली की सप्लाई बहाल कर दी गई है। बचाव दल ने 13.5 किलोमीटर दूर से मजदूरों को आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अभी भी 200 मीटर का हिस्सा बचा है, जहां मजदूर हो सकते हैं। टीमों को उनके पास पहुंचने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा। मजदूरों के परिवार और पूरे देश की निगाहें अब बचाव अभियान पर टिकी हुई हैं।

### 22 फरवरी का हुआ हादसा

हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे। 52 लोग किसी तरह जान बचाकर निकल आए, लेकिन टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) चला रहे 8 लोग फंस गए। इनमें 2 इंजीनियर, 2 मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं।

**ऐसा बचाव अभियान**

**145** जवान लगे एनडीआरएफ के
**120** जवान एसडीआरएफ के
**01** इंजीनियर रेजिमेंट सेना की



**कई टीमें बचाव अभियान में जुटी**

- राज्य सरकार के हक वाली कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। कंपनी के जनरल मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को कहा कि सुरंग में कर्मचारियों के बाहर आने की उम्मीद कम है।
- नागरकुर्नूल डीएम बी संतोष ने कहा-रेस्क्यू टीमें सुरंग में वहां तक पहुंच गई हैं जहां बोरिंग मशीन काम कर रही थी। लेकिन अंदर फंसे कर्मचारियों से संपर्क नहीं सका। कीचड़ के कारण आगे बढ़ने में परेशानी आ रही है।
- एसडीआरएफ के अधिकारी के मुताबिक, सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है।
- रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फेंट्री डिवीजन का हिस्सा हैं। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। उम्मीद है जल्द सभी को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा।

### सेना के साथ मिलकर काम कर रहे : उत्तम

तेलंगाना के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, हमारी सरकार सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और देश के कई सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर 8 लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। सुरंग में फंसे लोगों को जल्द बचा लिया जाएगा। मैं लगातार निगरानी कर रहा हूं। हम प्रार्थना कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें और हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम उन्हें जल्द ढूंढ़ लेंगे।

### ऐसी है परियोजना

- श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कनाल परियोजना के लिए काम शुरू करने का विचार 42 वर्ष पहले रखा गया।
- बीस साल बजट स्वीकृत होने के काम शुरू हुआ। इसकी मदद से कृष्णा नदी से 30 टीएमसी (अरब क्यूबिक फ़ीट) पानी को मोड़ने की योजना है।
- इसके ज़रिए नालगोंडा, सूर्यपेट, यदाद्रि और भुवनागिरी ज़िलों में चार लाख एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना है।
- अगस्त 2005 में आंध्र प्रदेश की सरकार ने 2,813 करोड़ की लागत से एसएलबीसी सुरंग परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी थी। साल 2007 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। परियोजना में 43.93 किमी लंबी सुरंग बननी है।



**बाढड़ा।** गांव जीतपुरा के खेतों में बने मकान पर पहुंची ईडी की टीम।

# क्रिप्टो करंसी मामले में दादरी के गांव में छापे

### जीतपुरा गांव के खेतों में प्रदीप का मकान खंगाला

**बाढड़ा/च.दादरी (हरिभूमि न्यूज)।** जीतपुरा गांव में रविवार को ईडी की टीम ने क्रिप्टो करंसी मामले में छापेमारी की। यह छापा जीतपुरा में खेतों में बने एक मकान पर छापा मारा गया, मकान मालिक प्रदीप गुरुग्राम में शेयर ब्रोकर का काम करता है। रविवार को चंडीगढ़ से ईडी की टीम असिस्टेंट डॉयरेक्टर अभय सिंह की अगुवाई में दो गाड़ियों में सवार होकर जीतपुरा पहुंची। इस दौरान टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद रहे। मौके पर प्रदीप वहां मौजूद नहीं था। टीम ने उसके परिजनों से बात की और प्रदीप के बारे में जानकारी ली।

**सुरक्षा कड़ी**

गुरुग्राम में शेयर ब्रोकर का काम करता है प्रदीप, छापे के दौरान घर पर नहीं मिला, परिजनों से पूछताछ

●

7 घंटे तक जांच, सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान रहे मौजूद

### सुबह नौ बजे पहुंची टीम

बताया जा रहा है कि ईडी की टीम रविवार सुबह करीब 9 बजे प्रदीप के खेतों में बने मकान पर पहुंची और करीब 7 घंटे बाद शाम 4 बजे वापस लौटी है। इस दौरान प्रदीप वहां मौजूद नहीं था और उसके परिजनों से पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति पर क्रिप्टो करंसी को लेकर केस दर्ज था। उसने पूछताछ के दौरान प्रदीप का नाम लिया था, जिसके बाद टीम ने प्रदीप के निवास पर रेड की।

## कांग्रेस का अधिवेशन 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में होगा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह गुजरात के अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन आयोजित करेगी, जिसमें भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते उत्पन्न चुनौतियों, संविधान पर भाजपा के हमले और भविष्य के लिए पार्टी का 'रोडमैप' तैयार करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल ने कहा कि अधिवेशन न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच होगा, बल्कि राष्ट्र के लिए मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा।

**राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण पेश होगा**

## फरीदाबाद : रोड शो के दौरान सीएम सैनी की सुरक्षा में चूक!

**फरीदाबाद(हरिभूमि न्यूज)।** सीएम नायब सैनी की सुरक्षा में फिर चूक हुई। दरअसल, फरीदाबाद में रविवार को भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीण जोशी के लिए रोड शो चल रहा था। इसी दौरान किसी ने सीएम की गाड़ी की तरफ फूलों के साथ मोबाइल फेंक दिया। हालांकि गाड़ी से टकराकर मोबाइल नीचे गिर गया। सुरक्षाकर्मियों ने फोन को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि यह जानबूझकर नहीं किया गया था। लोग सीएम पर फूल बरसा रहे थे उसी दौरान किसी के हाथ से फोन छूट गया। सुरक्षाकर्मियों ने फोन उठा लिया और जिसका था उसे वापस कर दिया।

**नायब पर फूलों के साथ मोबाइल फेंका**

# चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर ट्रक से भिड़ी कार, 4 की मौत

**पंचकूला (ब्यूरो)।** चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर रविवार सुबह तेज रफ्तार कार हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें हिसार और पंचकूला का 1-1, जबकि 2 युवक मोहाली के रहने वाले हैं। मृतकों में 2 नाबालिग थे। वहीं, इसके पीछे दूसरी गाड़ी में आ रहे उनके 3 दोस्तों की जान बाल-बाल बच गई। पुलिस के मुताबिक दो गाड़ियों में 7 दोस्त सुबह परवाणू से पंचकूला की तरफ आ रहे थे। तभी आगे वाली कार का अचानक टायर फट गया और वह सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराई। इसमें सवार सभी 4 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई।

**मरने वाले हिसार, पंचकूला और मोहाली के निवासी पिछली गाड़ी में सवार तीन लोग बाल-बाल बचे**




### धमाके की आवाज आई

जब लोग वहां पहुंचे तो ट्रक से टक्कर के बाद लगे झटके से कार में सवार 2 दोस्त बाहर गिरे हुए हुए थे। तीसरा कार की छत टूटने के बाद उससे उछलकर 10 फुट दूर जाकर गिरा। चौथा कार के भीतर ही फंस गया।

### इनकी जान गई

मरने वालों में पंचकूला के एमडीसी सेक्टर-5 का वैभव यादव (16), हिसार का चिराग मलिक, मोहाली के पीरमुच्छला स्थित विक्टोरिया हाइट का आदिप अर्श अंसारी और ढकोली का अदियन बंसल (17) शामिल हैं।

### हादसे की जांच कर रहे

पिंजौर पुलिस थाने के जांच अधिकारी यादविंदर सिंह ने कहा कि पूरे हादसे की जांच की जा रही है। इस मामले में जिसने भी लापरवाही की होगी, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शौचालय की सीट पर फोन के प्रयोग से हो सकती है बवासीर

**नई दिल्ली (भाषा)।** चिकित्सकों का कहना है कि शौचालय की सीट पर बैठकर लंबे समय तक मोबाइल फोन का उपयोग करने से बवासीर और गुदा फिस्टुला की समस्या बढ़ रही है। इस आदत के साथ-साथ यदि आपकी बैठकर काम करने की (गतिहीन) जीवनशैली है और खराब आहार लेते हैं तो उसके फलस्वरूप मलाशय क्षेत्र पर दबाव बढ़ता है और ऐसे में ऐसी दर्दनाक स्थिति उत्पन्न होती है, जिसके लिए अक्सर आपको चिकित्सकीय परामर्श की जरूरत होगी। मुंबई के ग्लेनीगल्स अस्पताल के वरिष्ठ रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. जिग्नेश गांधी ने इस चिंता को उजागर करते हुए आरामतलब जीवनशैली और शौचालयों में अत्यधिक फोन के इस्तेमाल के बीच संबंध बताया। वह शनिवार को ओखला में ईएसआईसी अस्पताल के 74वें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे।

**डॉक्टर बोले मलाशय क्षेत्र पर बढ़ता है दबाव**

### ऐसे 500 केस आए

अस्पताल के सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. रवि रंजन ने बताया कि अस्पताल में एक साल में बवासीर और फिस्टुला के 500 से ज़्यादा मामले आए। उन्होंने खराब जीवनशैली की आदतों जैसे कम पानी पीना, 'जंक फूड' का अत्यधिक सेवन और शौचालय में ज्यादा समय बिताना, को इसका मुख्य कारण बताया।

**हलचल** भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ देने के बयान दोहरा रहे ट्रम्प

*भारत में यूएसएड अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ मिल रहे, इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिला*

# वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा, भारत में अमेरिकी फंड से सात प्रोजेक्ट चल रहे

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय चुनावों को प्रभावित करने में यूएसएड की कथित भूमिका को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच वित्त मंत्रालय की हालिया वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एजेंसी ने 2023-24 में 75 करोड़ डॉलर मूल्य की 7 परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में यूएसएआईडी द्वारा भारत सरकार के साथ साझेदारी में कुल लगभग 75 करोड़ डॉलर के बजट की 7 परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) द्वारा सात परियोजनाओं के तहत कुल 9.7 करोड़ डॉलर (लगभग 825 करोड़ रुपये) का दायित्व दिया गया है।

### परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों का विभाग ने रिपोर्ट में 2023-24 में वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। आर्थिक मामलों का विभाग द्विपक्षीय वित्तपोषण व्यवस्था के लिए नोडल विभाग है। वर्ष के दौरान, मतदाता मतदान को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई, लेकिन कृषि एवं खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जल, स्वच्छता एवं आरोग्य (वाश), नवीकरणीय ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य से संबंधित परियोजनाओं के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई।



### विकास सहायता 1951 में शुरू हुई

भारत को अमेरिका की द्विपक्षीय विकास सहायता 1951 में शुरू हुई थी। इसे मुख्य रूप से यूएसएड के माध्यम से प्रशासित किया जाता है। शुरुआत के बाद से, यूएसएड ने 555 से अधिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भारत को 17 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी है। इसी माह राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया था जब अरबपति उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने दावा किया कि उसने 'मतदाता को प्रभावित करने' के लिए भारत को दिए जाने वाले 2.1 करोड़ डॉलर के अनुदान को रद कर दिया है।

**यह कहा था ट्रंप ने**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बार-बार दावा किया कि जो बाइडन के नेतृत्व वाले पिछले प्रशासन के तहत यूएसएड ने भारत को 'मतदाता को प्रभावित' करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का वित्त पोषण आवंटित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी 'चिंताजनक' है और सरकार इस पर गौर कर रही है।

### भारत को चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ डॉलर दिए : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने भारत को चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि दी। ट्रंप ने सीपीएसी में भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पहले भी दावा किया है कि चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद दी।

### पीएम चुप क्यों हैं : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'भाजपा झूठों व अनपढ़ों की बारात है। जिस 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर भाजपाई और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फर्जी निकली। वर्ष 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर, भारत में 'मतदान प्रतिशत बढ़ाने' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थे।' भाजपा यूएस से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य क रही है। पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस चुप क्यों हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए।

## गन प्वाइंट पर जबरन अमेरिकी बॉर्डर पार करवाने का आरोप

# अमेरिका से डिपोर्ट परिवार ने एजेंट पर लाखों ठगने का आरोप लगाया

- एजेंट ने विदेश में वर्क परमिट दिलाने के बदले धोखाधड़ी की
- पीड़ित को जंगल व कई देशों से होते हुए पहुंचाया था मैक्सिको

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना (अंबाला)

अमेरिका से डिपोर्ट होकर वापस लौटे परिवार की शिकायत पर अब पुलिस ने कबूतरबाजी का केस दर्ज किया है। आरोपियों पर परिवार को अमेरिका भेजने का लालच देकर 95 लाख की ठगी करने का आरोप है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जंगल और अन्य देशों से होते हुए जब वे अमेरिका पहुंचे तो डोंकरों ने जबरन गन प्वाइंट पर बॉर्डर पार करा दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़कर जेल में डाल दिया। इसके कुछ दिनों बाद डिपोर्ट कराकर भारत भेज दिया।

खान अहमदपुर के रहने वाले रिटायर्ड सैनिक जगविंदर सिंह ने यमुनानगर के गांव मंधार के प्रभदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जगविंदर ने बताया कि वह सेना में कार्यरत था। 30 अक्तूबर 2023 को उसने पेंशन ले ली। इसके बाद उसने अमेरिका में वर्क परमिट पर जाने के लिए प्रभदीप सिंह से संपर्क किया था, जो विदेश भेजने का काम करता है। उसके साथ 80 लाख रुपये में उसे, उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को अमेरिका भेजने की बात हुई थी। 28 दिसंबर को 36 लाख रुपये प्रभदीप उसके घर से लेकर गया। प्रभदीप ने उसे और उसकी पत्नी व दोनों बच्चों सहित दिल्ली से हवाई जहाज के टिकट उसके व्हाट्सएप पर भेज कर कहा था कि 29 दिसंबर 2024 को पेरिस के लिए रवाना होना है। 30 दिसंबर को वे पेरिस पहुंचे। प्रभदीप ने उन्हें मेडरिड स्पेन के लिए हवाई जहाज के टिकटें बुक करा दिए। एक जनवरी 2025 को उन्हें भेज दिया। वे स्पेन में अपने परिवार सहित एक कमरे में रहे। 15 जनवरी को प्रभदीप ने उसे परिवार सहित एलस्लवाडोर भेज दिया था। वो एलस्लवाडोर के एक घर में एक दिन के लिए। इसके बाद 17 जनवरी को उन्हें गाड़ी से डोंकर लेने के लिए आया। इसी दौरान प्रभदीप ने उसके परिवार वालों से 25 लाख रुपये नकद ले लिए। 17 जनवरी को डोंकर परिवार सहित उन्हें जंगल के रास्ते ग्वाटेमाला देश में लेकर गया। यहां भी उन्हें एक अंजान के सुपुर्द कर दिया। 17 जनवरी की सुबह तीन बजे एक व्यक्ति आया और उन्हें गाड़ी में लेकर फलोरस पैटन शहर में ले गया। इसके बाद रात को ही अन्य व्यक्तियों की मदद से उन्हें मैक्सिको बॉर्डर समुद्र के रास्ते से पार कराया। उन्हें एक अनजान जगह पर सात दिन के लिए रखा। इस दौरान परिवार वालों पर दबाव बनाकर 24 जनवरी को पिता स्वर्ण सिंह से 19 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद उन्हें कैनगन शहर में ले जाया गया। यहां 10 दिन के लिए रखा। फिर भारत में परिवार वालों पर दबाव बनाकर पिता से 15 लाख रुपये की मांग की गई। यह पैसा जगविंदर के ससुर मंजीत सिंह से लिए।

पैसे लेने के बाद तीन फरवरी 2025 को कैनगन से उन्हें मैक्सिको शहर ले जाया गया। उसी दिन हवाई जहाज से तिजवाना शहर में लेकर आए। चार फरवरी को होटल से शाम के समय उन्हें जबरन उठाया गया। दो नेपाली दिखने वाले व्यक्ति उन्हें गाड़ी में अमेरीका के सैनडियागो शहर के बॉर्डर पर ले गए। यहां गन प्वाइंट पर उन्हें बॉर्डर पार करवाया दिया। इस दौरान दोनों नेपालियों ने जबरदस्ती उनकी वीडियो भी बनाई। जगविंदर के फोन से सारा डाटा खत्म करवा दिया।

उन्होंने जैसे ही बॉर्डर पार किया तो यूएसए की बॉर्डर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और जेल में डाल दिया। यहां से 14 फरवरी को अमेरिका के सेना जहाज द्वारा वापिस भारत भेज दिया गया। जब उन्होंने प्रभदीप से अपने पैसे वापिस मांगे तो उसने उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। जगविंदर ने बताया कि प्रभदीप के साथ उनकी वर्क परमिट को लेकर वीजा की बात हुई थी लेकिन उसने अवैध तौर पर अमेरिका भेजकर 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

### एजेंट पुत्र-पिता पर करवाया केस


आदमपुर (हिसार)। आदमपुर खंड के गांव मोड़ाखेडा निवासी एक युवक ने अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने के बाद एजेंट पिता-पुत्र पर केस दर्ज करवाते हुए उन पर कार्रवाई करने व 35 लाख रुपये वापिस दिलवाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पंकज की शिकायत के आधार पर गांव ढाणी मोहब्बतपुर निवासी मनीष व रामसिंह को नामजद करते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में गांव मोड़ाखेडा निवासी पंकज ने बताया कि उसने विदेश जाने के लिए ट्रैवल एजेंट गांव ढाणी मोहब्बतपुर निवासी मनीष व उसके पिता रामसिंह को 35 लाख रुपये दिए थे। मनीष जोकि अब अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहता है उसने उसे विदेश जाने के बारें में राय दी थी और इस काम के लिए 35 लाख रुपये देने के लिए कहा था। उसने मनीष के घर पर उसके पिता रामसिंह को 35 लाख रुपये दे दिए। उसके बाद उसने एक डोंकर अब्दुल से संपर्क करवाया। उसने उसे पासपोर्ट के लिए दिल्ली बुलाया और कहा कि वह 30-40 दिनों में अमेरिका पहुंच जाएगा। उसने उसे गुआना देश का वीजा लगवाकर दिया और सात अक्टूबर को वह दिल्ली चला गया। 14 को वह गुआना पहुंचा तो वहां उसे डोंकर लेने आ गया। अगले दिन उन्होंने उसे अवैध तरीके से ब्राजील में इंट्री दिलवाई एवं एक महिने तक वहीं घुमाया। बाद में कोलंबिया में 10-15 दिन तक इंतजार के बाद कपूरगाना टापू भेज दिया और वहां एक रात समुंद्र में किश्ती से चला एवं उस किश्ती ने उसे पनामा जंगल छोड़ दिया। जंगल के बाहर पुराने से टीन के घर में बंद कर दिया। उसे सात दिन तक उस घर में रखा गया और वहां पर सोने व खाने-पीने के लिए कुछ भी नहीं दिया। वहां से उसे पनामा शहर में भेज दिया जहां पुलिस वालों ने उसे पकड़ लिया और 28 घंटे तक जेल में रखा।

- अमेरिका पहुंचते ही युवक को पुलिस ने किया काबू, जेल में रखा

# नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

- कोर्ट ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



रेलवे में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी उपकार सिंह को जालंधर से काबू कर लिया गया। सीवन निवासी सीमा रानी की शिकायत अनुसार वह एक पर्वतारोही है। उसने सन 2016 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर फतेह हासिल की थी। पंजाब के मोहाली जिले के कुराली तहसील निवासी दमनदीप गिरी पुत्र योगराज गिरी का फोन आया। उसने बताया कि उसके सरकार में काफी अच्छे संपर्क हैं। उसे मंत्री के सरकारी कोटे से चार लोगों को केंद्र सरकार की सरकारी नौकरी पर लगवाना है। उसने उसे केंद्र सरकार में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। वह उसकी बातों में आ गई और उसकी बड़ी बहन सुदेश के लड़के तनुज को लगवाने के लिए बातचीत कर ली। इसके लिए उसने 5 लाख रुपये मांगे। इसके बाद उसने उसे एक लाख रुपये उसी दिन दे दिए। उसने पंद्रह दिन में ज्वाइनिंग करवाने की बात कही। इसके बाद जब काम नहीं बना तो उसने एक लाख रुपये और मांगे। आरोपी उन्हें दिल्ली रेलवे मुख्यालय ले गए। जहां पता चला कि यह ऑफर लेटर फर्जी है। इसके बाद उसने उक्त आरोपी से रुपये वापस मांगे। लेकिन आरोपियों ने उनके रुपये नहीं लौटाए।

## कार की टक्कर से बुआ-भतीजे की मौत

जींद। गांव जामनी के निकट 152डी पर खड़ी पिकअप गाड़ी के पीछे कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बुआ व भतीजे की मौत हो गई। जबकि बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने एक महिला की हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। गांव मकराना राजस्थान निवासी रामकिशोर (45), उसकी पत्नी रूचि (36), बेटा शिवांश (7), बुआ विद्या देवी (48), बहन अंजू (42) रविवार को हरिद्वार में अस्थित विसर्जन के लिए जा रहे थे। गांव जामनी के निकट 152 डी पर उनकी गाड़ी पिकअप गाड़ी से जा टकराई। जिसमें रामकिशोर व अंजू की मौत हो गई जबकि रूचि, विद्या देवी व शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों द्वारा तीनों घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया।


## नीलामी सूचना

ग्राम पंचायत मुरादपुर टेकना खंड महम जिला रोहतक अपने तीन तालाब अम्बा वाला तालाब, गांव वाला तालाब और फर वाला तालाब को मछली पालन हेतू ठेके पर देना चाहती है। 28 फरवरी 2025 को प्रातः 11: 30 बजे गांव की सामान्य चौपाल में उक्त तालाबों की खुली बोली की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को 50 हजार रुपए सिक्योरिटी राशि बोली से पहले जमा करवानी होगी। बाकि शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

रामनिवास ग्राम सचिव, मो.नं. 9017508547
निर्भय सिंह सरपंच, मो. नं. 8708384200
ग्राम पंचायत मुरादपुर टेकना, खंड महम
जिला रोहतक।



**Government of Haryana / हरियाणा सरकार**
**O/o Distt. Food Civil Supplies and Consumer Affairs Controller, Jhajjar**
**कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, झज्जर**

## श्रम व दुलाई एवं परिवहन कार्य हेतु ई-टैण्डर सूचना

रबी व खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान झज्जर जिले की विभिन्न मंडियों में खाद्यान्न एवं स्टाक आर्टिकल के श्रम व ढुलाई तथा परिवहन से सम्बन्धित कार्य हेतु सभी खरीद एजेंसियों के लिये श्रम व ढुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों से ऑनलाइन टैण्डर https://etenders.hry.nic.in पर आमंत्रित हैं। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | Release / Calling of E-Tender @ 09:00 AM | Closing of E-Tender @ 5:00 PM | Opening of Technical Bid and Checking of Documents @ 09:00 AM | Opening of Financial Bids and Negotiation & Finalization @ 2:00 PM | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रम व ढुलाई | 24.02.2025 | 03.03.2025 | 04.03.2025 | 06.03.2025 | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल, लघु सचिवालय, झज्जर |
| 2. | परिवहन | 24.02.2025 | 03.03.2025 | 04.03.2025 | 06.03.2025 | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल, लघु सचिवालय, झज्जर |

हस्ता/- (अशोक कुमार)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, झज्जर

पीआरडीएच-1042/11/35/2025/32478/88/6 दि. 21.02.25


# रेल लाइन पर धंसा अंडरपास, लोग घरों में कैद

- ठेकेदार पर घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप
- तीन सदस्यीय टीम के साथ बारिकी से किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जांच करते हुए टीम।

भिवानी रोड पर अंडरपास के निर्माण के दौरान मिट्टी खिसकने के मामले में आखिरकार अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। स्थानीय इंजीनियरों के साथ चंडीगढ़ से अधिकारियों की टीम जींद पहुंची और भिवानी रोड पर जांच की। टीम द्वारा भिवानी रोड अंडरपास का दौरा किया गया और उस स्थान का वीडियो भी बनाया जहां से मिट्टी गिरी थी। मार्च 2024 तक इस अंडरपास निर्माण कार्य को पूरा किया जाना था लेकिन अभी तक यह अधूरा है। जींद शहर के जेडी 7 पर निर्माणाधीन अंडरपास पर मिट्टी खिसकने और नाला गिरने के बाद रविवार को चंडीगढ़ से तकनीशियन टीम पहुंची। उन्होंने अंडरपास के निर्माण के दौरान बने गंभीर हालातों को देखा। तीन दिन से परेशान लोगों ने टीम सदस्यों को अंडरपास के निर्माण में भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए। उनका कहना था कि नाले में ठेकेदार ने घटिया सामग्री और कम सरिया लगाया। इसके कारण नाला गिरा है। वहीं अंडरपास की ड्राइंग भी सही नहीं है। इसमें काफी खामियां है। टीम अधिकारियों ने कहा कि ड्राइंग सही है। लोगों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वहीं ट्रेनों के आवागमन से नाला गिरा है। रविवार दोपहर बाद चंडीगढ़ से तकनीशियन विशेषज्ञ नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम पहुंची। उनके साथ डीजीएम शंशाक भी मौजूद रहे। उन्होंने अंडरपास के निर्माण का बारीकी से निरीक्षण किया। उधर, चंडीगढ़ से आए तकनीशियन विशेषज्ञ नरेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रेनों के आवागमन से अंडरपास के निर्माण में दिक्कत आ रही हैं। आज अंडरपास के निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। हालातों का जायजा लिया है। जिन लोगों के मकानों के आगे से मिट्टी खिसकी हैए उनके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। अंडरपास का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

### ज्यादा मिट्टी खोदने से बनी समस्या

लोगों का कहना था कि ठेकेदार ने मकान के साथ लगते मिट्टी को खुदवा दिया है। अब लोगों का घरों से निकलना बंद हो गया है और वे घरों में कैद हैं। वहीं पशु भी घरों के अंदर ही हैं। उनके लिए चारे की भी समस्या पैदा हो गई है। अब मकान गिरने का भी खतरा बन गया है। इसलिए प्रशासन को जल्द से जल्द उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर समाधान करवाना चाहिए। 30-40 फीट गहरी खाई होने की वजह से दो.दो सीढी बांधनी पड़ रही है। ऐसी ऊंची सीढियों से आना-जाना खतरों से भरा है।


**चिकित्सा**

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, फतेहाबाद

### वर्ष 2025-26 के लिए परिवहन व श्रम एवं दुलाई के कार्य हेतु निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के रबी व खरीफ सीजन के लिए जिला फतेहाबाद की विभिन्न मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टाक अर्टिकल्ज के परिवहन व श्रम एवं ढुलाई के कार्य हेतु सभी खरीद एजेन्सियों के लिए परिवहन व श्रम एवं ढुलाई ठेकेदारों के लिए ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से टैण्डर आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत जानकारी जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फतेहाबाद / जिला प्रबंधक, हैफेड, व जिला प्रबंधक एच. डब्लयू.सी. फतेहाबाद व क्षेत्रिय प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम हिसार के कार्यालय से तथा Website http://www.etender.hry.nic से ली जा सकती है। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं।

| S No | Work | Releasing/ Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Technical Bid & Checking of Document | Opening of Financial Bid & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Transportation | 24-02-2025 09:00 AM | 03-03-2025 05:00 PM | 04-03-2025 09:00 AM | 06-03-2025 02:00 PM | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद। |
| 2 | Labour and Cartage | 24-02-2025 09:00 AM | 03-03-2025 05:00 PM | 04-03-2025 09:00 AM | 06-03-2025 02:00 PM | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद। |

हस्ता/- (विनित जैन)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक
फतेहाबाद, दूरभाष नं0. 01667-230773

पीआरडीएच-1114/11/10/2025/32479/88/6 दि. 21.02.25


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

# युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 16.40 लाख

- 12 लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

यमुनानगर। विदेश भेजने के नाम पर गांव अराईयावाला निवासी अब्दुल सलाम से 16 लाख 40 हजार रुपये हड़प लिए गए। अब्दुल सलाम अपने लड़के को विदेश भेजने चाहता था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 12 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव अराईयावाला निवासी अब्दुल सलाम ने शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात राकेश रिखी तथा उसकी पत्नी प्रभा रिखी के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेज कर उन्हें वहां पर रोजगार दिलवाने का काम करते हैं। इसके लिए आरोपियों ने 16 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपियों को अपने बेटे के दस्तावेज तथा दो लाख रुपए दे दिए। आरोप है कि आरोपियों ने मार्च 2023 से अक्टूबर 2023 के बीच उससे अलग-अलग करके 16 लाख 40 हजार रुपए ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से इस बारे बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## युवक की हत्या केस में चार आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। युवक की हत्या मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच व पुलिस चौकी एसपीआर की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को बहरामपुर रोड से गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों ने साक्ष्य नष्ट करने व तथ्य छुपाने के इरादे से शव को सुनसान जगह पर फेंक दिया था। 16/17 फरवरी की रात को पुलिस चौकी एसपीआर को सूचना मिली कि गांव बेगमपुर खटोला जाने वाले रोड पर कंपनी के पीछे सुनसान जगह पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और एफएसएल, फिंगरप्रिंट व डॉग स्क्वाड टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : प्रथम तल, एससीओ नं. 397, सेक्टर-20, अर्बन एस्टेट, पंचूकला, हरियाणा-134116

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।


कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सौरव (कर्जदार), LHPNC00001365514. | खेवट / खतौनी नं. 52/70, खसरा नं. 309-310 / 296/6/2/2/3/6 (0-5) कालका पंचकूला, हरियाणा में निहित भूमि माप 5 बिस्वे का 17/100 हिस्सा जो एनए प्लॉट माप 17 बिस्वासी (41.66 वर्गगज)। एनए एनए पंचकूला - 134103 (संदर्भ एलएएन नं. LHPNC00001365514)। सीमाएं- उत्तरः विरेन्द्र नेगी का प्लॉट, दक्षिण : अशोक बतरा का मकान, पूर्व : गली, पश्चिम : नरेश चंद का मकान। / कब्जे की तिथि - 21-फरवरी-25 | 10-11-2022 रु. 24,063/- | पंचकूला - बी |
| 2. | सौरव (कर्जदार), LHPNC00001365516. | खेवट / खतौनी नं. 52/70, खसरा नं. 309-310 / 296/6/2/2/3/6 (0-5) कालका पंचकूला, हरियाणा में निहित भूमि माप 5 बिस्वे का 17/100 हिस्सा जो एनए प्लॉट माप 17 बिस्वासी (41.66 वर्गगज)। एनए एनए पंचकूला - 134103 (संदर्भ एलएएन नं. LHPNC00001365516)। सीमाएं- उत्तरः विरेन्द्र नेगी का प्लॉट, दक्षिण : अशोक बतरा का मकान, पूर्व : गली, पश्चिम : नरेश चंद का मकान। / कब्जे की तिथि - 21-फरवरी-25 | 10-11-2022 रु. 6,66,492/- | पंचकूला - बी |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 24 फरवरी 2025 स्थान : पंचकूला — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड


## शब्द पहेली - 5788



**बाएँ से दाएँ**


1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5787 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | म्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |



## खबर संक्षेप

### छत्रपाल के निधन पर शैलजा ने जताया शोक

**चंडीगढ़।** सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा रविवार को स्वर्गीय छत्रपाल जी सोनी की आकस्मिक मृत्यु पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पहुंचीं। कुमारी शैलजा जी ने इस दुःखद घटना पर शोक जताया और परिवार को संबल देने के साथ-साथ भविष्य में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कुमारी शैलजा जी ने कहा कि स्वर्गीय छत्रपाल जी न केवल राजनीतिक गतिविधियों में, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते थे। अब हिसार शहर की जनता उनकी कमी महसूस करेगी।

### करुणा फाउंडेशन का 153वां अन्न भंडारा

**पंचकूला।** सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, श्री श्याम करुणा फाउंडेशन ने फेज-1, औद्योगिक क्षेत्र, पंचकूला में 153वां अन्न भंडारा आयोजित किया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाना है, विशेष रूप से उन लोगों तक जो रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जूझ रहे हैं।

### बहादुरगढ़ में यूनियन मुंशी के दांत तोड़े

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 मोड़ के निकट स्थित एक वाहन यूनियन में झगड़ा हो गया। इस झगड़े में यूनियन के मुंशी को चोट आई। उसके दांत तक टूटने की बात सामने आई है। वारदात राजेश के साथ हुई है। राजेश का कहना है कि वह छोटा हाथी यूनियन में मुंशी है। दोपहर के वक्त खाना खा रहा था। इसी दौरान तेज सिंह नाम का व्यक्ति आया और गालियां देने लगा। मैंने विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में मेरा दांत टूट गया। इसके बाद हमलावर वहां से चला गया।

### एक्सटेंशन लेक्चरर की सीएम से गुहार

**बहादुरगढ़।** उच्चतर शिक्षा निदेशालय के कदम से एलीजिबल एक्टेंशन लेक्चररर्स में नाराजगी है। एक्टेंशन लेक्चरर यूनियन के प्रधान ईश्वर सिंह ने बताया कि विवि अनुदान आयोग ने अगले पांच वर्षों के लिए राजस्थान के तीन विश्वविद्यालय के पीएचडी दाखिले पर रोक लगाई है। इसे आधार बनाकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने काफी लेक्चरर को नौकरी से हटा दिया है। इनका दोष केवल इतना है कि इन्होंने डीबार किए गए विश्वविद्यालयों से पीएचडी की।

## मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में मेयर व पार्षदों के समर्थन में की रैली-बोले

# पूरे प्रदेश की जनता में भाजपा के लिए जोश, ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़/ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को फरीदाबाद में भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीन बत्रा जोशी और पार्षद पद के सभी 46 उम्मीदवारों के समर्थन में रैली की। रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में मिलकर डबल इंजन की सरकार चल रही है। अब निकाय चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार और तेज गति से काम करेगी। भाजपा के लिए जनता में उत्साह और जोश है। विकास को लेकर भाजपा का विजन साफ है और नीति स्पष्ट है।

लोस व विस की तरह जनता निकाय चुनाव में भी भाजपा के साथ है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा को हम सब मिलकर चमकाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता प्रवीन बत्रा जोशी को मेयर बनाए, पार्षदों को जिताएं बाकी काम मुझ पर छोड़ दें। फरीदाबाद में किसी तरह की कमी नहीं रहने दूंगा। तीन गुना तेज गति से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल भ्रम में न रहें भाजपा की चक्की तेज भी चलती है और बारीक भी पिसती है। आज सभी डीसी हर रोज सुबह 2 घंटे जनता की समस्या सुनते हैं और समाधान भी करते हैं। सीएम सैनी ने कहा कि मैं खुद समीक्षा करता हूं। जनसभा में विभिन्न सेक्टरों की आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया।




### सैनी ने इनके लिए मांगा समर्थन

मुख्यमंत्री सैनी ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी एवं विधानसभा फरीदाबाद के वार्ड 14 प्रत्याशी नरेश नंबरदार, वार्ड 31 से सैफाली सिंगला, वार्ड 32 से विनोद कुमार भाटी, वार्ड 33 से ज्योति सिलानी, वार्ड 35 सचिन शर्मा, वार्ड 37 मुकेश कुमार अग्रवाल, वार्ड 39 रूमा नंबरदार सहित सभी उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा ।

### मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद वासियों से किया सीधा संवाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे हरियाणा में विकास की विचारधारा के साथ कार्य करवाएं जा रहे हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सरकार सार्थक कदम बढ़ा रही है। आमजन के हितों की अनदेखी न हो इस पर सरकार का पूरा फोकस है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद में अपने दौरे के दौरान आमजन से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर सपूतों को नमन भी किया।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस और अन्य दलों के नेता

जनसभा के दौरान कांग्रेस और अन्य दलों को अलविदा बोलकर कई नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। यूथ कांग्रेस के चेयरमैन और पार्षद रहे राजेश भाटिया, पार्षद रहीं कविता जोशी, अश्वनी दुआ, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी से चुनाव लड़ने वाले और गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान नवजीत सिंह सन्नी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। फ़रीदाबाद विस में आयोजित जनसभा में राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर,मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, अजय गौड़, विधायक धनेश अदलखा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, पूर्व विधायक टेकचन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गुरुग्राम: रोड शो में मुख्यमंत्री का जगह-जगह भव्य स्वागत



गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा के पक्ष में रोड शो किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा का माहौल मजबूत है और पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। रविवार को मुख्यमंत्री का रोड शो कालोनी मोड से शुरू हुआ और सदर बाजार डाकखाना चौक होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचा। रोड शो में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा, मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़,अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन सहित सभी भाजपा प्रत्याशी मौजूद रहे। रोड शो में भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने मोदी जिंदाबाद,नायब सैनी जिंदाबाद और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

■ मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में भाजपा मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील की

## हरियाणा निकाय चुनाव-2025 के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



■ गुरुग्राम के कांग्रेस कार्यालय से जारी किया गया घोषणा पत्र

हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की ओर से हरियाणा का घोषणा पत्र जारी किया गया। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में घोषणा पत्र जारी करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश के मतदाताओं से निकाय चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देते हुए विजय बनाने की अपील की। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में घोषणा पत्र जारी करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव, प्रभारी करण दलाल, पूर्व मंत्री गीता भुक्कल, पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, वर्धन यादव, मोहित ग्रोवर, पर्ल चौधरी, मीडिया कॉर्डिनेटर एवं शहरी कॉर्डिनेटर पंकज डावर, ग्रामीण कॉर्डिनेटर विरेंद्र यादव, पंकज भारद्वाज, सहप्रभारी ठाकुर राजाराम समेत कई नेता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा निकाय चुनाव का घोषणा पत्र पढ़ा। गुरुग्राम का घोषणा कांग्रेस की मेयर पत्र सीमा पाहुजा ने पढ़ा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जनता कांग्रेस का मेयर व अधिक से पार्षद चुनकर सदन में भेजे। गुरुग्राम के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने घोषणा पत्र सांझा करते हुए कहा कि नगर निगम, गुरुग्राम चुनाव-2025 के कांग्रेस का यह घोषणा पत्र स्थानीय मुद्दों, समस्याओं पर आधारित है।

### जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने हिसार में दावा करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली है। कांग्रेस को घेरते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस चुनाव लड़ना तो दूर अपने सभी धड़ों को भी एकजुट नहीं कर पाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को हिसार में आधा दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और मेयर प्रत्याशी प्रवीण पोपली के लिए वोट मांगी।

### रोजाना एक घंटा मैदान में रहने वाला हमेशा रहता है स्वस्थ : बंडारू

**चंडीगढ़।** सूबे के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जो व्यक्ति रोजाना एक घंटा मैदान में रहता है, उसे कभी बीमारी नहीं आती है। प्रदेश के हर स्कूल में भी एक घंटा खेल होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य बना रहेगा। स्वास्थ्य बना रहने के साथ आत्म विश्वास में भी वृद्धि होगी। दत्तात्रेय सेक्टर - 3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसो. द्वारा आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

## हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को किया तलब

एक जगह चल रहे चार-चार राइस मिल

**कैथल।** खुशहाल माजरा गांव की सरपंच सर्बजीत कौर की शिकायत पर हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को तलब किया है। सरपंच ने वकील रविंदर कुमार व स्वर्ण सिंह के माध्यम से हरियाणा मानवाधिकार आयोग में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि खुशहाल माजरा गांव से 200 से 300 मीटर की परिधि में ही चार राइस शैलर इकाइयां चल रही हैं, जो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। आयोग ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रिपोर्ट मांगी थी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कैथल के क्षेत्रीय अधिकारी ने रिपोर्ट में कुल 50 इकाइयों का उल्लेख किया गया है, जिनमें इकाइयों के पांच नाम दोहराए गए हैं। 39 इकाइयां वैध सहमति के साथ काम कर रही हैं व छह इकाइयों ने बोर्ड से संचालन के लिए सहमति प्राप्त नहीं की है। छह में से दो स्थापित नहीं हैं और चार को बोर्ड ने बंद कर दी हैं।

### क्षेत्रीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश

बोर्ड के सूचना व जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष और सदस्य की बेंच ने क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिया है कि वे अगली सुनवाई की तिथि पर उपरोक्त क्षेत्र में इकाइयों के कामकाज के बारे में सभी प्रकार से पूर्ण रिपोर्ट के साथ आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। यह सुनवाई 15 मई 2025 को निर्धारित की गई है।

## विश्व पटल पर हरियाणा को नई पहचान दे रहा है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ संपन्न हुआ 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए शिल्पी



**सूरजकुंड (फरीदाबाद)** । केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि लाखों लोगों की रिकार्ड भीड़ और कलाकारों के समागम की दृष्टि से सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल सामान बेचने का माध्यम नहीं है, बल्कि यहां हरियाणा के साथ-साथ देश और दुनिया की समृद्ध संस्कृति, खानपान और परिधान देखने का मिलते हैं। यहां आकर हमें मिनी भारत के दर्शन होते हैं। सूरजकुंड शिल्प मेला देश की शान और हरियाणा की पहचान बन चुका है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में 28 वें सूरजकुंड मेले से वे लगातार इस शानदार आयोजन में शरीक होते रहे हैं। 11वीं बार वे इस मेले में आए हैं। वर्ष 2015 में पहली बार सूरजकुंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते हुए 20 देशों ने इसमें भागीदारी की थी। अब उनकी संख्या 44 हो चुकी है। सूरजकुंड शिल्प मेला और कुरूक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह हरियाणा को इंटरनेशनल लेवल पर गौरवान्वित कर रहे हैं।

### हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी

# राहुल गांधी हरियाणा को लेकर गंभीर, व्यापक बदलाव के संकेत

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी है, सूबे के मामलों को खुद कांग्रेस हाईकमान व राहुल गांधी देख रहे हैं। अब उन्होंने व्यापक बदलाव के संकेत दे दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस और संगठन में भी बदलाव के लिए होमवर्क चल रहा है। प्रदेश के अंदर लोकसभा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल व दस में पांच सीटों पर फतेह के बावजूद विस चुनावों में बाजी हाथ से निकल जाने को लेकर हाईकमान मंथन में है, जिसके कारण सूबे में बदलाव की तैयारी कर ली गई है।

इस बारे में खुद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद नजर रखे हुए हैं। इतना ही नहीं बल्कि हरियाणा से आए दिन जाने वाले कांग्रेस नेताओं के साथ संगठन में जान डालने को लेकर मंथन के साथ ही संगठनात्मक बड़े बदलाव के संकेत भी साफ कर दिए हैं।

### पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों पर शिकंजा

कांग्रेस हाईकमान की ओर से लोस और विस चुनावों में पार्टी के विरुद्ध गतिविधि करने वालों पर शिकंजे की तैयारी भी है। दोनों ही चुनावों के दौरान पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं का खास ध्यान रखा जा रहा है। संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी भी पार्टी के वफादार नेताओं को दी जाएगी। आए दिन बदलाव और बैनर बदलने वालों को भी साइड लाइन करने की तैयारी है। इसके विपरीत चुनावों पार्टी के लिए रात दिन काम करने वालों को खास तवज्जो दी जाएगी। लोकसभा और विस में प्रत्याशियों को जिताने वाले चेहरों को अहम जिम्मेदारी दिए जाने और जिलों में पार्टी पद प्रदान करने की तैयारी है।

### खुद मुलाकातों और फीडबैक में जुटे राहुल

कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया को बदलने के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद की नई नियुक्ति के साथ ही बड़े बदलाव की तैयारी है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की विदाई भी लगभग तय है। राज्य में 11 साल से कांग्रेस का संगठन नहीं होने को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यहां तक की पार्टी के अंदर गुटबाजी व खींचतान को लेकर भी हाईकमान चिंतित है। प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद जल्द पार्टी नेताओं से मुलाकात करने का सिलसिला शुरु करने जा रहे हैं। राहुल ने सूबे के नेताओं से मुलाकातों का सिलसिला जारी कर दिया है और कांग्रेस के कार्यकारी प्रधान सुरेश गुप्ता के बाद असंध के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी और पूर्व विधायक सूबे सिंह पुनिया ने नई दिल्ली में राहुल से मुलाकात कर हरियाणा को लेकर लंबी मंत्रणा की है। सुरेश गुप्ता की गिनती रणदीप सुरजेवाला और शमशेर गोगी की गिनती सैलजा के समर्थक नेताओं में होती है। गोगी ने राहुल से मुलाकात के दौरान विस चुनाव में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाले को चिन्हित करने और संगठन में अहम पदों पर जिम्मेदारी नहीं देने का सुझाव दिया है। राहुल के साथ उन नेताओं के नाम पर चर्चा की गई है, जो लगातार कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। रादौर पूर्व विधायक बिशन लाल सैनी के बाद घरौंडा के पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान और तिगांव के पूर्व विधायक ललित नागर कांग्रेस छोड़ने की तैयारी में है। कुलदीप शर्मा और पूर्व मुख्य संसदीय सचिव शारदा राठौर जैसे नामों को लेकर भी चर्चाएं चल रही है।

**हुड्डा ही विधायक दल की रेस में सबसे आगे:** राहुल गांधी के साथ निकाय चुनाव में कांग्रेस की मजबूत हिस्सेदारी नहीं होने पर बातचीत की है। विस चुनाव में टिकटों के आवंटन में रही कमियों पर चर्चा के बाद राहुल ने कहा है कि हरियाणा में कांग्रेस के संगठन को निचले स्तर पर मजबूत किया जाएगा। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को संगठन में कोई जगह नहीं दी जाएगी। कांग्रेस राज्य में विधायक दल के नेता का भी फैसला नहीं कर पाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का विधायक दल का नेता बनना तय है। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, वरुण चौधरी मुलाना, गीता भुक्कल, राव दान सिंह और जितेंद्र भारद्वाज और शमशेर सिंह गोगी की दावेदारी बताई जा रही है।



# 13 वर्षीय रौश चेस में उभरता सितारा अब तक जीते 10 अंतरराष्ट्रीय पदक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है दिल्ली के रोहिणी निवासी 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी रौश जैन की। महज तीन साल की उम्र में जब उनकी माता शिल्पा जैन ने उनके शतरंज के प्रति झुकाव को पहचाना तो उन्होंने रोश को 'ब्रेन गेम शतरंज अकादमी' में चंदन मंडल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर दिया।

आज रौश ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रोश 8वीं कक्षा का छात्र है। पढ़ाई के साथ साथ वह अभ्यास में 6 से 7 घंटे देते है। उनकी मेहनत और लगन से उनके आस पड़ोस के लोग भी काफी प्रभावित है।

वर्तमान में यह खिलाड़ी शतरंज कोच सावित्री जोशी और करुण दुग्गल के नेतृत्व में अपने खेल को आगे बढ़ा रहा है।।

### विश्व चैंपियन बनने का लक्ष्य

रौश जैन का सपना विश्व शतरंज चैंपियन बनने का है। वे मैग्नस कार्लसन और गुकेश डी से प्रेरित हैं और उनका अगला लक्ष्य 'इंटरनेशनल मास्टर' खिताब हासिल करना है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर मेहनत से यह तय है कि आने वाले वर्षों में वे भारतीय शतरंज में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### जैन की उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-15) 13 वर्ष की उम्र में पेड्डापुरम, आंध्र प्रदेश में खिताब जीता (जनवरी 2025), एसजीएफआई दिल्ली राज्य चैंपियन (अंडर-17) 68वें एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेलों में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक जीते (नवंबर 2024), राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-7) 2018 में भुवनेश्वर में खिताब अपने नाम किया। कामनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2018 (अंडर-8) में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन यूथ एंड जूनियर चेस चैंपियनशिप 2019 (अंडर-8) ब्लिट्ज में स्वर्ण, रैपिड और क्लासिकल में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन आनलाइन यूथ शतरंज चैंपियनशिप 2021 (अंडर-10) में स्वर्ण पदक। एशियाई राष्ट्र कप आनलाइन टीम शतरंज चैंपियनशिप 2022 में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा 'फिडे मास्टर' (एफएम) की उपाधि (2022) हासिल की है। इनके अलावा कई ऐसे भी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त की है जो लोकल स्तर पर खेले जा रहे है।

## चैपल ने अपने पत्रकारिता करियर को अलविदा कहा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने रविवार को अपना आखिरी कॉलम लिखकर अपने पांच दशक से अधिक समय तक चले पत्रकारिता करियर को अलविदा कह दिया। इस 81 वर्षीय क्रिकेटर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के लिए अपने आखिरी कॉलम में उन कुछ बेहतरीन पलों को याद किया जिन पर उन्होंने अपनी कलम चलाई। इनमें 1998 के चेन्नई टेस्ट में सचिन तेंदुलकर और स्पिन के जादूगर दिवंगत शेन वार्न के बीच शानदार मुकाबला और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की ऐतिहासिक पारी भी शामिल है। चैपल ने लिखा, ''लिखते हुए आनंद के कई पल आए, विशेष रूप से सचिन तेंदुलकर का चेन्नई में शेन वार्न से मुकाबला करना। अन्य मुख्य आकर्षणों में ब्रायन लारा की प्रतिभा, रिकी पोंटिंग की आक्रामकता और कोलकाता में वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की कलात्मक पारी के बारे में लिखना शामिल है।' चैपल ने हालांकि महसूस किया कि अब कलम को नीचे रखने और कंप्यूटर को पैक करने का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता से संन्यास लेना उतना ही भावनात्मक है जितना कि क्रिकेट को अलविदा कहना।

## कोहली और रोहित खुद तय करें अपना भविष्य



**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए।'

टेनिस

## कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव



एजेंसी ▸▸| दोहा

आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-1 से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, 'मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।' रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।

## मीरा ने जीता दुबई ओपन का खिताब




**दुबई।** रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टौसन को 7-6 (1), 6-1 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया।

प्रो लीग में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला आज

# जीत के क्रम को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▸▸| भुवनेश्वर



आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में औसत शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4-1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नए सत्र में आशातीत शुरुआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3-1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2-0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4-1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढ़ा होगा।

### महिला टीम के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



चैम्पियंस ट्रॉफी

# विराट कोहली ने बल्ले से लिख दी पाकिस्तान पर जीत की दास्तान

## भारत ने पाक को 6 विकेट से दी मात

### विराट का 51वां वनडे शतक, श्रेयस ने शानदार अर्धशतक जमान

### पाक ट्रॉफी से हो सकता है बाहर

भाषा ▸▸| दुबई

आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी । जीत के लिए 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिये दो रन और विराट को शतक के लिए चार रन चाहिए थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराये। इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया। कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये । वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42.3 ओवर में जीत तक पहुंचाया। दूसरी ओर 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान लगभग बाहर हो गया है। एक बार फिर उसके लिये परेशानी का सबब रहे कोहली।




### कोहली के सबसे तेज 14000 रन पूरे

कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बन गए । पाकिस्तान के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ एक बार फिर कोहली के सामने बेबस दिखे। कोहली ने लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी बखूबी खेला और कोई जोखिम नहीं लिया । कोहली और अय्यर ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 114 रन जोड़े। श्रेयस को खुशदिल ने पवेलियन भेजा जिनका बेहतरीन कैच इमामुल हक ने लपका। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पाकिस्तान की मैच में वापसी संभव नहीं थी। वैसे इस जीत का श्रेय भारतीय गेंदबाजों को भी जाता है जिन्होंने पाकिस्तान को 241 रन पर रोक दिया।

### भारत

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा बो शाहीन शाह अफरीदी | 20 |
| शुभमन गिल बो अबरार अहमद | 46 |
| विराट कोहली नाबाद | 100 |
| श्रेयस अय्यर का इमामुल बो खुशदिल | 56 |
| हार्दिक का रिजवान बो अफरीदी | 8 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 3 |

अतिरिक्त : 11 रन
योग : 42 . 3 ओवर में चार विकेट पर 244 रन
विकेट पतन : 1 . 31, 2 . 100, 3 . 214, 4 . 223
गेंदबाजी : अफरीदी 8 . 0 74 . 2, नसीम 8 . 0 37 . 0, हारिस 7 . 0 . 52 . 0, अबरार 10 . 0 . 28 . 1, खुशदिल 7.3 . 0 . 43 . 1, सलमान 2 . 0 . 10 . 0

### पाकिस्तान

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इमामुल हक रन आउट | 10 |
| बाबर आजम का राहुल बो पंड्या | 23 |
| सऊद शकील का पटेल बो पंड्या | 62 |
| मोहम्मद रिजवान बो पटेल | 46 |
| सलमान का जडेजा बो कुलदीप | 19 |
| तैयब ताहिर बो जडेजा | 4 |
| खुशदिल शाह का कोहली बो राणा | 38 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| नसीम शाह का कोहली बो कुलदीप | 14 |
| हारिस रऊफ रन आउट | 8 |
| अबरार अहमद नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 17 रन
योग : 49.4 ओवर में 241 रन
**विकेट पतन** : 1-41 , 2-47 , 3-151 , 4-159 , 5-165 , 6-200 ,7-200 ,8- 222 , 9-241
**गेंदबाजी** : शमी 8 . 0 . 43 . 0, राणा 7.4 . 0 . 30 . 1, पंड्या 8 . 0 . 31 . 2, अक्षर 10 . 0 . 49 . 1 कुलदीप 9 . 0 . 40 . 3, जडेजा 7 . 0 . 40 . 1



### फैंस हुए रोमांचित






## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



थाईलैंड में शनिवार को आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने अपना परचम लहराया। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किया। भारत का नाम रोशन करने वाले इन तीरंदाजों में दो झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले के रहने वाले हैं। जिनमें टाटा आर्चरी एकेडमी के गोल्डी मिश्रा और कर्ण आर्चरी एकेडमी के विष्णु चौधरी शामिल हैं। विष्णु ने टूर्नामेंट में कुल तीन तो वहीं गोल्डी ने एक मेडल जीता है। वहीं, बंगाल की रहने वाली बसंती महतो ने ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं विष्णु चौधरी ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता।

## नई दिल्ली मैराथन : मान सिंह और भागीरथी बिष्ट बने चैंपियन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




उत्तराखंड के मान सिंह और भागीरथी बिष्ट ने रविवार को यहां 'अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन' दौड़ में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता।

एशियाई मैराथन चैंपियनशिप (2024) के विजेता 35 साल के मान सिंह ने पुरुषों की एलीट श्रेणी के कड़े मुकाबले को दो घंटे 15 मिनट और 24 सेकंड का प्रभावशाली समय के साथ अपने नाम किया। उत्तराखंड की ही भागीरथी ने दो घंटे 48 मिनट और 59 सेकंड के समय के साथ एलीट महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। ठाकोर भरतजी (2:49:16) और अश्विनी जाधव (2:50:48) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। मैराथन दौड़ में धावकों को 42.195 किमी की दूरी तय करनी होती है। राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। आयोजकों ने दावा किया कि इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 25,000 से अधिक धावक और फिटनेस उत्साही शामिल हुए।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 6 साल

अब तक किसानों को मिली करीब
₹3.5 लाख करोड़ की सम्मान राशि

विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं में से एक

किसानों को सालाना ₹6000 की सहायता

पीएम किसान के 85% से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान

पीएम किसान के 4 लाभार्थियों में कम-से-कम एक महिला लाभार्थी

और आज पीएम किसान की 19वीं किस्त के तहत देश के 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में
₹22 हजार करोड़+ की राशि सीधे ट्रांसफर



बीज से बाजार तक किसानों के साथ खड़े हैं पीएम मोदी

» बीते 10 सालों में ₹20 लाख करोड़+ से MSP पर गेहूं, धान, कपास, दलहन और तिलहन फसलों की खरीद की गई
» ₹12 लाख करोड़ की उर्वरक सब्सिडी से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद मिला
» कृषि बजट में रिकॉर्ड वृद्धि - 2014 के ₹22 हजार करोड़ से लगभग 5 गुना बढ़कर इस साल ₹1.27 लाख करोड़ हुआ
» 2016 से 2023 तक किसानों को फसल बीमा के ₹1.72 लाख करोड़ दिए
» देशभर में करीब 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बनाए गए
» ई-नाम प्लेटफॉर्म से 1400+ कृषि मंडियां जुड़ीं, ₹4 लाख करोड़+ के सुविधाजनक लेन-देन हुए
» अधिक पैदावार वाले बीज की किस्में 1390 से बढ़कर 2900 हुई
» परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत 15 लाख हेक्टेयर में ऑर्गेनिक और नेचुरल फार्मिंग से 25 लाख+ किसानों को लाभ
» पर ड्रॉप मोर क्रॉप – माइक्रो इरिगेशन कवरेज 42 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर हुआ
» वैश्विक दूध उत्पादन में करीब 25% योगदान के साथ भारत पहले स्थान पर
» मुंहपका और खुरपका रोग (एफएमडी) के खिलाफ 100 करोड़+ टीकाकरण से पशुधन हुआ सुरक्षित
» 2.25 लाख प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) से आधुनिक कृषि को बढ़ावा

किसान सम्मान समारोह के तहत
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के द्वारा

पीएम किसान की 19वीं किस्त का हस्तांतरण
10,000 किसान उत्पादक संगठनों का राष्ट्र को समर्पण
मोतिहारी में स्वदेशी नस्लों के लिए उत्कृष्टता केन्द्र एवं बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन

साथ ही ₹570 करोड़ से अधिक की लागत से वारिसलीगंज - नवादा - तिलैया (36.45 किमी) रेल खंड के दोहरीकरण और इस्माइलपुर - रफीगंज रोड ओवर ब्रिज का राष्ट्र को समर्पण

दिनांक – 24 फरवरी 2025 | समय – दोपहर 12:00 बजे | स्थान – भागलपुर, बिहार

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ और डीडी किसान पर

CBC 01102/13/0013/2425

चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे पैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

> दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है। यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके। वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
मनोज कुमार अग्रवाल




# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडसट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाए



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

अंतर्मन

पार्टी को मेरी जरूरत नहीं तो विकल्प मौजूद है, कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने तेवर दिखाए




आज की पाती

### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है।

*- शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

ट्रेंड

### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सफाईकर्मी को वेतन




महाकुंभ ख़त्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

करंट अफेयर

## अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल

अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था। 'रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है। इसका सहयोगी उपग्रह चैनल 'बेगम टीवी' फ्रांस से संचालित होता है और सातवीं से 12वीं कक्षा तक के अफगान स्कूली पाठ्यक्रम को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है। तालिबान ने देश में महिलाओं और लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि 'रेडियो बेगम' ने परिचालन पुनः आरंभ करने की अनुमति के लिए 'कई बार अनुरोध' किया था।



ऑफ बीट

## घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा

गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं और जिन्होंने पहले से ही दवाओं से उपचार की कोशिश की है। सर्जरी से रक्त का थक्का जमने या संक्रमण जैसी गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का खतरा रहता है, तथा हर कोई पूरी तरह ठीक भी नहीं हो पाता। केवल एक्स-रे के आधार पर सर्जरी से जुड़े फैसले लेने पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि घुटने के गठिया के उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए नियमित एक्स-रे की सिफारिश नहीं की जाती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**महाकुम्भ क्षेत्र में बना है 100 बेड का अस्थायी वृद्धाश्रम, विभिन्न प्रदेशों के डॉक्टर दे रहे हैं सेवाएं**

**चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए विशेष पूजा का भी किया गया आयोजन**

महाकुंभ



# आस्था के महापर्व महाकुम्भ में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम देखने को मिल रहा है। करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। देश के बड़े नेता, संत-महात्मा और गणमान्य व्यक्ति भी इस महापर्व में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, भाजपा नेता संबित पात्रा और सूफी सिंगर कैलाश खेर ने पुण्य डुबकी लगाई। करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम स्नान आने के साथ ही यहां चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए विशेष पूजा का भी आयोजन किया गया। उत्तराखंड के राज्यपाल ने की प्रशंसा उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने कुम्भ के आयोजनों की सराहना की।

## ओड़िशा के मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने संगम में किया स्नान

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा, ‘मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूं। लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आ रहे हैं।

### संबित, कैलाश खेर ने लगाई डुबकी

भाजपा नेता संबित पात्रा ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और कहा, यह पुण्य का क्षण है। मैं आज पुरी से प्रयागराज पहुंचा हूं। यहां की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। भक्ति संगीत के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, भारत श्रद्धा की भूमि है। लोग भारी बैग लेकर यहां आ रहे हैं, लेकिन उनके दिल श्रद्धा से भरे हुए हैं प्रयागराज में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए विशेष 'पूजा' और 'आरती' का आयोजन किया गया। रविवार को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हाई-वोल्टेज मुकाबला खेला जा रहा है।

**1** कान की मशीन, कमर की बेल्ट, छड़ी, व्हील चेयर प्रदान की जा रही

**2** 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया डिजिटल अनुभूति केंद्र का आनंद

**3** भोले भंडारी के टैटू गुदवाए शिव भक्ति में डूबे हैं विदेशी मेहमान

**4** महाकुम्भ भ्रमण कर दिव्य अनुभूति को बताया जीवन का अनमोल अवसर

## वरिष्ठ जनों को उपलब्ध कराए गए 1847 उपकरण



प्रदेश सरकार वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य, सम्मान और सेवा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की पहल पर महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर-7 में वरिष्ठजनों के लिए श्रवण कुम्भ का आयोजन हो रहा है, जिसमे वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परिक्षण के उपरान्त उन्हें विभिन्न उपकरण निःशुल्क दिए जा रहे हैं। अभी तक 1847 उपकरण वरिष्ठजनों को निःशुल्क प्रदान किया गया है। जिसमे कान की मशीन, कमर की बेल्ट, घुटने की बेल्ट, छड़ी, व्हील चेयर, स्पाइनल सपोर्ट, कॉलर सर्फिकल शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर महाकुम्भ क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग का शिविर संचालित हो रहा है।

## स्वच्छता के जननायक थे संत गाडगे, उनकी प्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती है : योगी आदित्यनाथ



राष्ट्रसंत परम पूज्य गाडगे जी महाराज की 149वीं जयंती पर रविवार को महाकुम्भ नगर के सेक्टर 1 स्थित गंगा पंडाल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गाडगे जी को नमन करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ व्यापक जनजागरण कर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाडगे जी महाराज का जीवन समाज में जागरूकता और सुधार लाने का प्रेरणास्रोत रहा है। वे जहां भी जाते, कीर्तन के माध्यम से शिक्षा और स्वच्छता का संदेश देते और अपने साथ झाड़ू रखकर स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित करते। उन्होंने कहा कि गाडगे जी कहते थे कि ईश्वर का वास वहीं है, जहां स्वच्छता है। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, जो आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

**पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, जो वैश्विक आंदोलन बन चुका**

## दिव्य-भव्य महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र रहा डिजिटल एक्सपीरियेंस सेंटर



आस्था और आध्यात्म के महापर्व, महाकुम्भ को सीएम योगी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस वर्ष दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल महाकुम्भ के तौर पर भी विकसित किया गया। इस क्रम में मेला क्षेत्र के सेक्टर-4 में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र, डिजिटल महाकुम्भ का साकार रूप बना। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को एआई, वर्चुअल रिएलिटी और होलोग्राम की आधुनिकतम तकनीकि से सनातन आस्था की प्राचीनतम पौराणिक गाथाओं और मान्यताओं से परिचित करवाया। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने विशेष रूप से युवा और विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। महाकुम्भ के दौरान महामहिम राष्ट्रपति, भूटान नरेश समेत अब तक लगभग 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालु डिजिटल अनुभूति केंद्र के साक्षी बने। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं जो कि सनातन संस्कृति के प्रति आस्था के सतत प्रवाह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे में सीएम योगी की प्रेरणा से मेला क्षेत्र के सेक्टर-4 में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र आस्था और आधुनिकता के अद्भुत संगम के तौर पर उभरा। डिजिटल अनुभूति केंद्र महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र साबित हुआ।

### अंतिम पवित्र स्नान के लिए जुटने लगे विदेशी श्रद्धालु

महाकुम्भ के आखिरी के स्नान पर्व महा शिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं के कई समूह महाकुम्भ नगर पहुंच गए हैं। ब्राजील से आया भगवान शिव के भक्तों का एक ग्रुप भी महा शिवरात्रि के स्नान पर्व की बाट जोह रहा है। जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महा कुम्भ की शुरुआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में संगम में मुक्ति की डुबकी लगाने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं का जमावड़ा फिर महाकुम्भ में होने लगा है। ब्राजील से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने के लिए दो दर्जन से अधिक ब्राजीली युवाओं का एक ग्रुप पहुंच चुका है। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है ये सभी युवा लॉर्ड शिवा की भक्ति धारा से जुड़े हुए हैं ।

**आज से दिल्ली विधानसभा का सत्र, 27 फरवरी तक चलेगा**

# महिलाओं को 2500 देने का वादा पूरा करवाना हमारी प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पूर्व सरकार, भाजपा सरकार के लिए ‘सरकारी खजाने को खाली’ छोड़कर गई है। गुप्ता ने आश्वासन दिया कि महिलाओं के लिए 2,500 रुपये मासिक भुगतान की योजना को विस्तृत योजना के साथ लागू किया जाएगा। गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली की नवगठित 8वीं विधानसभा के पहले सत्र से पूर्व राज्य पार्टी कार्यालय में अन्य भाजपा विधायकों के साथ एक बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के कार्यान्वयन पर अधिकारियों के साथ कई बैठकें हुई हैं, जिसके तहत दिल्ली में पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाना है। योजना को लागू करने की तैयारी के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, ‘‘(पिछली) सरकार हमें किस स्थिति में छोड़ गई है...जब हम मौजूदा सरकार की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठे, तो हमने पाया कि सरकारी खजाना खाली है।'



### भाजपा विधायकों को सत्र के बारे में दी महत्वपूर्ण जानकारियां

भाजपा विधायक दल ने रविवार को एक बैठक में नवगठित आठवीं दिल्ली विधानसभा के सोमवार से शुरू होने जा रहे पहले सत्र के लिए अपने एजेंडे पर चर्चा की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में सदन की नेता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य और पार्टी के विधायक शामिल हुए। भाजपा विधायकों को सत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं क्योंकि उनमें से कई पहली बार विधायक बने हैं।

### एमसीडी 12,000 संविदा कर्मचारियों को स्थायी करेगी : आतिशी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मंगलवार को अपने सदन की बैठक के दौरान 12,000 संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने के संबंध में घोषणा करेगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने रविवार को यह जानकारी दी। महापौर महेश खिंची, उप महापौर रविंदर भारद्वाज और सदन के नेता मुकेश गोयल के साथ संवाददाता के दौरान दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि ‘आप' के नेतृत्व वाली एमसीडी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ‘‘पिछले दो वर्षों में हमने 4,500 (संविदा) कर्मचारियों को स्थायी किया है। अब 25 फरवरी को एमसीडी सदन की बैठक में हम सफाई कर्मचारियों, कनिष्ठ अभियंताओं, वरिष्ठ अभियंताओं, माली और अन्य संविदा कर्मचारियों सहित सभी विभागों में 12,000 से अधिक कर्मचारियों को नियमित करने जा रहे हैं।'

**‘मन की बात’ में पीएम ने देशवासियों को किया संबोधित**

# प्रेरणास्त्रोत महिलाएं एक दिन मेरे ‘एक्स’ इंस्टाग्राम अकाउंट को करेंगी साझा : मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 119 वें एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने महिला दिवस को लेकर खास चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अगले महीने आने वाले महिला दिवस को लेकर एक खास ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान संविधान सभा में हंसा मेहता के संबोधन को भी पीएम मोदी ने देश के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स और इंस्टाग्राम के अकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणास्त्रोत महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपूंगा।

**महिला दिवस पर किया बड़ी पहल का ऐलान**

हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि

**अपने मासिक कार्यक्रम के 119 वें एपिसोड में बोले**




### अंतरिक्ष यात्रा में वैज्ञानिकों ने हासिल की अभूतपूर्व सफलता



मोदी ने कहा कि हमारी स्पेस यात्रा की शुरुआत सामान्य हुई थी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की उड़ान में सफलताओं के ढंडे गाड़ दिए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या एक रॉकेट से 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो हमने रिकॉर्ड बनाए।

### ‘एक दिन वैज्ञानिक के रूप में’ रहें

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में हम ‘राष्ट्रीय विज्ञान दिवस’ मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप ‘एक दिन वैज्ञानिक के रूप में’ रह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें। आप मर्जी के अनुसार, कोई भी दिन चुन

### भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई

पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम ‘मन की बात’ में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। लेकिन मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वालां हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं।



### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए रविवार को छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें बगैर किसी तनाव के तथा सकारात्मक सोच के साथ परीक्षाएं देने का संदेश दिया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात' की 119वीं कड़ी में उन्होंने ‘परीक्षा पे चर्चा' के वार्षिक आयोजन का भी उल्लेख किया और इस बात पर खुशी जताई कि यह कार्यक्रम ‘एग्जाम वॉरियर्स' के लिए एक संस्थागत रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा, ‘‘यह बोर्ड परीक्षाओं का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानी ‘एग्जाम वॉरियर्स' को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए पूरे सकारात्मक भाव के साथ अपनी परीक्षाएं दीजिए।'' मोदी ने कहा, ‘‘हर वर्ष ‘परीक्षा पे चर्चा' में हम अपने ‘एग्जाम वॉरियर्स' से परीक्षाओं से जुड़े अलग-अलग विषयों पर बात करते हैं। मुझे खुशी है कि अब यह कार्यक्रम एक संस्थागत रूप लेता जा रहा है और इसमें नए-नए विशेषज्ञ भी जुड़ते चले जा रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल ‘परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को नए तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया औ विशेषज्ञों के साथ आठ अलग-अलग संस्करण इसमें शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि इनमें परीक्षाओं के अलावा स्वास्थ्य देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य के अलावा खान-पान जैसे विषयों को भी शामिल किया गया।


### पीएम ने मोटापे की बढ़ती समस्या पर जताई चिंता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात' की ताजा कड़ी में उन्होंने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। उन्होंने कहा, ‘‘इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है।''

**व्यापार समाचार**

# क्रिप्टो की दुनिया में बड़ी चोरी, हैकर्स ने उड़ाए 13,000 करोड़ रुपये के इथेरियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



क्रिप्टो की दुनिया में एक बहुत बड़ी चोरी हुई है। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट से 1.5 अरब डॉलर (करीब 13 हजार करोड़ रुपए) की डिजिटल करेंसी गायब हो गई है। यह इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरियों में से एक है। इससे पहले भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स से भी दो हजार करोड़ रुपए की चोरी हुई थी। कंपनी के सीईओ बेन झोउ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस चोरी के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि एक हैकर ने बायबिट के एक ऑफलाइन इथेरियम वॉलेट पर कब्जा कर लिया। इसके बाद कई ट्रांजेक्शन करके पैसों की चोरी की गई। बिटकॉइन के बाद इथेरियम दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है। बेन झोउ ने यह भी बताया कि बायबिट के हॉट वॉलेट, वार्म वॉलेट और बाकी सभी ऑफलाइन वॉलेट सुरक्षित हैं। पैसे निकालने का काम भी सामान्य रूप से चल रहा है। बायबिट एक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज है जिसके दुनिया भर में 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा यूजर्स हैं। इस चोरी के बाद बायबिट के यूजर्स घबरा गए। उन्हें लगा कि कहीं कंपनी दिवालिया तो नहीं हो जाएगी। इसलिए लोगों ने जल्दी-जल्दी अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया।

### सोने ने इस साल अब तक दिया 11% का रिटर्न, नए निवेश पर सतर्क रहने की जरूरत

**नई दिल्ली।** सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है।

### शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को ‘महाशिवरात्रि’ के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ‘इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी।’ इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

### आईटी क्षेत्र में वेतन वृद्धि सीमित रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत के 250 अरब अमेरिकी डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में वेतनवृद्धि सीमित रहने की संभावना हैं। विशेषज्ञों ने यह राय जताते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को इस समय वैश्विक अनिश्चितताओं, बदलते कौशल की बढ़ती मांग तथा कृत्रिम मेधा (एआई) की बढ़ती स्वीकार्यता जैसी अनिश्चितताओं से जूझना पड़ रहा है। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में औसत वेतन वृद्धि 4-8.5 प्रतिशत होगी, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय कमी है। यह अधिक व्यावहारिक रणनीतियों की ओर बदलाव का संकेत है। वेतन वृद्धि के बजाय कंपनी में रुकने के लिए बोनस, ईएसओपी और परियोजना-आधारित प्रोत्साहन को मुआवजा रणनीतियों के रूप में लागू किया जा रहा है।'' रीड एंड विलो की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जानू मोतियानी ने भी इसी तरह की अपेक्षित वृद्धि सीमा बताई।

### ताइवान की डेल्टा भारत में कर रही 50 करोड़ डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** ताइवान स्थित डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की ‘मेक इन इंडिया’ पहल के तहत 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है। इसकी घोषणा 2015 में की गई थी। यह निवेश कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने किया है। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित ‘इलेक्रामा 2025’ में एक सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद से अपनी भारतीय शाखा के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित ‘इलेक्रामा 2025’ में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से अपनी भारतीय इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। लिन ने कहा, “भारत डेल्टा के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम अपने उन्नत समाधानों के साथ इसके औद्योगिक और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**धोती कुर्ता की चिंता छोड़ खेत में उतर गए शिवराज**

# दिल्ली से नहीं चलेगा मखाना बोर्ड, भाजपा सरकार जमीन पर उतरकर कर रही काम

**डिप्टी सीएम और सांसद के साथ रोपे मखाना के पौधे**

एजेंसी ▶▶ दरभंगा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दरभंगा पहुंचे और मखाना किसानों से मिले। उन्होंने मखाना रिसर्च सेंटर का दौरा किया और खेती की प्रक्रिया को समझा। वे खुद खेत में उतरे और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मखाना के पौधे भी रोपे। इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। सांसद गोपाल जी ठाकुर भी मखाना पौधे को रोपे। कार्यक्रम से पहले शिवराज ने दिल्ली मोड़ स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना उत्पादों से जुड़े 10 स्टॉलों का निरीक्षण किया।



### पीएम किसानों को करेंगे ‘मालामाल’

चौहान ने पीएम मोदी के भागलपुर दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मोदी जी देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में 22 हजार 700 करोड़ से ज्यादा की किसान सम्मान निधि देंगे।

### किसानों से बात कर मखाना बोर्ड का स्वरूप तय करेंगे

चौहान ने कहा कि मखाना बोर्ड सिर्फ दिल्ली के कृषि भवन से नहीं चलेगा। किसानों से बात कर इसका स्वरूप तय करेंगे।

### किसानों की समस्याओं को दूर करेगा मखाना बोर्ड

चौहान ने बिहार के मखाना को ‘सुपर फूड’ बताया और किसानों की मेहनत की तारीफ की। उन्होंने बताया कि मखाना बोर्ड किसानों की समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यहां का टैलेंट, यहां के मेहनती किसान और विशेषकर बिहार का मखाना सुपर फूड है। मखाना बोर्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### शांतिरक्षा प्रयासों का आधार बना है भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा प्रमुख ने कहा है कि भारत अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के शांति प्रयासों का आधार बना हुआ है और इसकी महिला शांतिरक्षकों ने साबित किया है कि महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व वाले मिशन के परिणाम बेहतर होते हैं और वे स्थायी शांति में योगदान देते हैं। भाषा

### सेना प्रमुख फ्रांस की 5 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल पियरे शिल के साथ व्यापक वार्ता करेंगे, जिसमें दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सेना प्रमुख ने भारत-फ्रांस सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा शुरू की। भाषा

### जर्मनी में आम चुनाव के लिए मतदान

**बर्लिन।** जर्मनी में रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है, जिस पर यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों की गिरावट, प्रवासन पर अंकुश लगाने का दबाव, यूक्रेन के भविष्य तथा यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं हावी हैं। जर्मनी, 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और नाटो का एक प्रमुख सदस्य है। भाषा

## यूएसएआईडी फंडिंग पर खुलासा जल्द, जयशंकर बोले

# 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी थी, संकेत कुछ और ही

### अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के बाद मचा हंगामा


### मामले की जांच में इससे जुड़े फैक्ट सामने आएंगे

**भारत सरकार कर रही है मामले की जांच**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की गई। अब इस विवाद पर पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि सच्चाई सामने आने वाली है। इससे पहले भारत सरकार भी कह चुकी है कि अगर विवाद है तो जांच होगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यूएसएआईडी को भारत में 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी गई थी, लेकिन अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां बुरी नीयत के तहत की गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुछ जानकारी साझा की है, वो चिंताजनक तो है। ऐसा लगता है कि कुछ विशेष उद्देश्य के तहत ये सब किया गया है। सरकार इस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही पूरा सच और तथ्य सामने आएगा।





**ट्रंप ने अब तक क्या किया?**

- ट्रंप ने विदेशी व्यय पर रोक लगाई।
- बाद में मानवीय सहायता जारी रखने का आदेश दिया।
- यूएसएआईडी के हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा।
- दुनियाभर में मौजूद मिशनों से कर्मचारियों को बुलाया।

### क्या और कैसे काम करती है यूएसएआईडी

*यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएआईडी जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएआईडी अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।*

**विवरण साझा किया**

**सात परियोजनाओं के लिए दिया फंड**

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में 2023-24 में वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। आर्थिक मामलों का विभाग द्विपक्षीय वित्तपोषण व्यवस्था के लिए नोडल विभाग है। इस वर्ष के दौरान, मतदाता मतदान को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

## यूएस से अप्रवासी भारतीयों का चौथा बैच भारत पहुंचा

- **इस बार डिपोर्ट होकर 12 लोग आए**
- **इन्हें यूएस से निकालकर पनामा भेजा**
- **वहां से इन्हें प्लेन से भारत लाया गया**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों का चौथा बैच रविवार को भारत पहुंचा। इन्हें अमेरिका से पनामा डिपोर्ट किया गया था। वहां से इन्हें सिविलियन प्लेन में भारत भेजा गया। फिलहाल इनकी तस्वीर सामने नहीं आई है। इन 12 लोगों में से 4 पंजाब के रहने वाले हैं। 3 उत्तर प्रदेश और 3 हरियाणा के बताए जा रहे हैं। पंजाब के चारों लोगों को अमृतसर रवाना कर दिया गया है। अब तक चार बैच में 344 अप्रवासी भारतीय अमेरिका से वापस लौटे हैं। 5 फरवरी, 15 फरवरी और 16 फरवरी को अमेरिका ने मिलिट्री विमान से 332 लोगों को हथकड़ी- बेड़ियां पहनाकर भेजा था।

## मिजोरम में विस्फोटक बरामद, दो महिलाओं समेत तीन हिरासत में

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने शुक्रवार को आइजोल के पास जिलेटिन की 4,980 छड़ें बरामद कीं और दो महिलाओं सहित तीन तस्करों को हिरासत में ले लिया। अर्धसैनिक बल ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर अर्धसैनिक बल ने सकावर्तुइचुन खदान की ओर जाने वाली सड़क पर एक 'मोबाइल चेक पोस्ट' स्थापित किया। इसमें कहा गया है कि सैनिकों ने एक वाहन को रोका, जिसमें से लगभग 622.5 किलोग्राम वजन की जिलेटिन छड़ें (विस्फोटक) बरामद की गईं। बयान में कहा गया है कि वाहन में यात्रा कर रही दो महिलाओं सहित तीन लोगों को पकड़ लिया गया और उन्हें जब्त विस्फोटकों व वाहन के साथ राज्य पुलिस को सौंप दिया गया।

**पांच नौकाएं भी जब्त कर लीं**

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को कर लिया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका और भारत के रिश्ते अभी ठीक से पटरी पर भी नहीं लौटे कि पड़ोसी देश के अधिकारियों ने श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं हैं। इस मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में एक खास ऑपरेशन कर गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया, मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस साल की शुरुआत से अब तक श्रीलंकाई नौसेना की 131 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 20 ट्रॉलर जब्त किये हैं। इस बार गिरफ्तार होने वाले 32 मछुआरे तमिलनाडु से हैं। मछुआरों की रिहाई की मांग के लिए प्रदेश के मछुआरों रविवार को मीटिंग की है और अपने साथियों की रिहाई की मांग की है।

**इस साल 131 मछुआरों को अब तक गिरफ्तार किया है**

## अरबपति की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने सुनाई युगांडा जेल की आपबीती

# नहाने और शौचालय जाने की भी नहीं थी अनुमति, पिता 24000 करोड़ के मालिक

**झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बिताए 3 सप्ताह**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय मूल के अरबपति बिजनेसमैन पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने आरोप लगाया है कि युगांडा की जेल में सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा ओसवाल अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में जेल में बंद थीं। अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बंद की गईं भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने अब राज खोला है कि सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ।

**मानवाधिकारों का खूब हुआ उल्लंघन**

वसुंधरा ने कहा कि मुझे पांच दिन के लिए हिरासत में लिया गया तथा दो और सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। मेरे मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया। उन्होंने मुझे नहाने तक की अनुमति नहीं दी और मुझे भोजन एवं पानी से वंचित रखा।

**200 मिलियन डॉलर के घर में रहतीं हैं वसुंधरा**

वसुंधरा अरबपति बिजनेसमैन पंकज और राधिका ओसवाल की बेटी हैं। पंकज ओसवाल ओसवाल ग्रुप ग्लोबल के मालिक हैं। वसुंधरा दुनिया के सबसे महंगे घरों में से एक विला वारी में रहती हैं, जिसकी कीमत 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह स्विटजरलैंड में माउंट ब्लैंक के सामने है। इस घर को मशहूर इंटीरियर डिजाइनर जेफ्री विल्क्स ने डिजाइन किया था। वसुंधरा ने स्विटजरलैंड के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से वित्त में ऑनर्स के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। साल 2020 में वसुंधरा ओसवाल पीआरओ इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुईं और संगठन की पहली महिला लीड बनीं।

**जिसकी हत्या के मामले में जेल गईं वो तंजानिया में जिंदा मिला**

## हम दलदल सुखा रहे, यहां अब कट्टर वामपंथियों का कब्जा नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका में सत्ता बदलने के बाद से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चर्चा में बने हुए हैं। पहले एक महीने में उन्होंने 70 से अधिक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें कई फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा चुकी है। देश की संघीय अदालतें ट्रंप के फैसलों पर अस्थायी रोक भी लगा चुकी है। इन्हीं फैसलों में एक अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने का है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर करने के अपने फैसले पर ट्रंप का कहना है कि वे देश में दलदल को सुखाने का काम कर रहे हैं।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया**

*ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया और कहा कि अब देश में कट्टर वामपंथी लोगों का नियंत्रण नहीं रहेगा। ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अवैध प्रवासियों को देश से निकालने का एलान किया था। इस फैसले के बाद भारत में भी 300 से अधिक लोगों को वापस भेजा जा चुका है। जिन लोगों को निकाला गया है, उन पर आरोप है कि वे बिना वैध कानूनी दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे हैं।*




72198 21111 | BAJAJ SECURE

*नियम और शर्तें लागू. *N160 वैरिएंट्स के लिए एक्स-शोरूम क़ीमत हरियाणा. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. अपने सेगमेंट के अंदर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स पर और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Ajronda Chowk:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209, Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: New Rly. Road** : JSB BAJAJ 8882212365 • **Old DLF, Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979;; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979** ; • **Khandsa Road:** GSM BAJAJ 7838774484\85 • **Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072** • **Sohna Road:** GSM BAJAJ 7838774480. **Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830. Authorised Service Centre: Samalkha(S):** 9996099067, **Samalkha(D):** 9050103232, **Sanoli** : 9992300027, **Bapoli:** 9416311625, **Israna:** 9996453000, **Matloda:** 9466343515, **Gharaunda:** 9215633545, **Kunjpura** : 9050905911, **Nissing: 8529811300**, **Jundla:** 9813470474, **Rajound: 7988582388**, **Munak:** 9896715189, **Indri:** 9812823781, **Gannur:** 9812543331, **Kundli:** 9466036628, **Kharkhoda:** 9416370108, **Bahalgarh** -9034796560, **Sampla:** 9355803777, **Dighal:** 9215640087, **Kalanaur:** 8572000201, **Meham: 9254059551**, **Badli:** 9996966628, , **Dhauj** -9811382736, **Badauli** – 9555070555, **Sururpur** – **9069111729**, , **Dundahera:** 9811348395, , **Gurugram Sec. 17/18:** 9891284122, **Palam Vihar:** 9891557677, **Farruknagar:** 9215128444, **Manesar: 85273 94201, Pataudi: 99191 29123**, **Barara:** 8221001211, **Shehzadpur:** 9017097170, **Matheri:** 9416225092, **Nariangarh:** 9468402222, **Dosarka:** 9813139393, **Saha:** 9416393643, **Ladwa:** 9812520888, **Shahbad:** 9802453090, **Ismailabad:** 9416264059, **Pundri:** 9729818200, **Siwan:** 9034700082, **Kalayat:** 8607670172, **Cheeka:** 9896566783, **Bilaspur:** 9467120411, **Sadhoura:** 9354299366, **Chachrouli:** 9812128042, **Khizrabad:** 9416377034, **Radaur:** 8295781731, **Barwala:** 9215762510, **Raipur rani:** 9416461366, **Ramgarh:** 9417184618, **Pinjore:** 9671758800 **Marrawala:** 9896060113, **Barwala:** 9050220005, , **Uklana:** 9671304776, , **Siwani: 8168672841, Mangali:** 9729643232, **Ding Mandi:** 9813656456, , **Rania:** 9728321221, **Chopta:** 9416619641, **Kalawali:** 7015067499, , **Dabwali (D):** 9996371906, **Mundhal:** 9671482000, **Tosham:** 9728585000, **Dhigava:** 9812890443, **Behal:** 9991801939, **Barda:** 9813310101, **Loharu:** 7027397000, **Jhojhu:** 9992322277, **Jui:** 8930000917,**Jamalpur:** 9413762285, **Bawani Khera:** 9466628317, **Tohana:** 9991997270, **Ratia: 9350700079, Bhattu Mandi:** 9812054503, **Saffidon (M):** 9896422766, **Saffidon (Sk):** 8607078500, **Julana:** 8929147777, **Narwana:** 9350483009, **Uchana:** 9466777844, **Dhamtan Sahib:** 9468102345, **Dharuhera:** 9812705798, **Palhawas:** 9416248270, **Kund:** 8059490007, **Bawal:** 9466926200, **Kosli:** 9416038181, **Ateli:** 9416347264, **Mohindergarh:** 9468323888, **Kanina:** 9416578910 **Nangal Chaudhary:** 8168091181, **Dhauj** -9811382736, **Sikri:** 8178008100, **Hodal:** 9728989313, **Hatin:** 9671600916, **Mitrol:** 9813095406, **Hassanpur:** 9416636633, **Mohana:** 9813903634, **Sohna:** 9050351153, **Badshahpur:** 9540694444., **Tigaon:** 9873000517,, **Suroorpur** –9069111729.